हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

BSEH/SEC/2026

'प्रैस नोट'

Circular No.: 24
Dated : 18 .11.2026

राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति योजना (NMMSS) परीक्षा नवम्बर–2026

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दिनांक 29.11.2026 को राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति योजना (NMMSS) परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन किया जा रहा है। पात्र परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र (Admit Card) दिनांक 19.11.2026 से बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in व SCERT Gurugram, Haryana की वैबसाईट scertharyana.gov.in पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपने Adhaar No. & Date of Birth भरकर अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थी प्रवेश–पत्र पर दिए गए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर व समझकर उनकी अनुपालना करना सुनिश्चित करेंगे।

ऐसे नेत्रहीन/अशक्त परीक्षार्थी जिनकी अशक्तता 40 प्रतिशत या इससे अधिक प्रमाणित की गई है, अपने हाथ से लिखने में असमर्थ है व लेखक की सुविधा लेना चाहते हैं, वे परीक्षार्थी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO)/Medical Board द्वारा जारी मैडिकल प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति, लेखक के मूल एवं सत्यापित दस्तावेज़/प्रलेख जैसे शैक्षणिक योग्यता, जन्म–तिथि, दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो (एक सत्यापित), फोटो युक्त पहचान–पत्र/आधार कार्ड इत्यादि एवं स्थाई व अस्थाई पता सहित अपने विद्यालय के प्राचार्य/प्रतिनिधि से सत्यापित करवाने उपरान्त परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचकर केन्द्र अधीक्षक से लेखक की स्वीकृति लेना सुनिश्चित करेंगें।

सचिव